जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांक :जीवि/एफ/प्रशा0/स्था0/2012/6174 दिनांक : 21/9/12

प्रति,

(1) प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जिला – ग्वालियर,मुरैना,शिवपुरी,गुना,अशोकनगर,दतिया,भिण्ड,श्योपुर।

(2) समस्त विभागाध्यक्ष,
जीवाजी विश्वविद्यालय अध्ययनशालायें,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः–दिनांक 1.1.2013 की अर्हता तिथि के अनुसार निर्वाचक नामावलियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण 2013 स्वीप प्लान योजना के अंर्तगत नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी के नाम,पता ई–मेल मोबाईल नंबर भेजने बाबत्।

संदर्भः–कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,मध्यप्रदेश का पत्र क्रमांक 48/स्वीप/2012/7393 भोपाल दिनांक 7.9.2012

महोदय,

विषयांर्तगत संदर्भित पत्र के अनुसार भारत के निर्वाचक आयोग द्वारा स्वीप प्लान 2013 के अर्न्तगत निर्वाचक नामावली में 18 वर्ष या अधिक उम्र के छात्र/छात्राओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने तथा राष्ट्रीय मतदाता जागरुक अभियान में सजग रूप से शामिल करवाने हेतु समस्त महाविद्यालयों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाने हैं । यह नोडल अधिकारी महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं एवं अन्य सम्बंधित जो निर्वाचन में भाग लेने के लिये योग्य है को जागरुकता अभियान के अर्न्तगत उत्साहित करने का कार्य करेंगे।

कृपया अपने महाविद्यालय में ऐसे नोडल अधिकारी की नियुक्ती करें जो आदर्श के रूप में कार्य कर सकें तथा राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान एवं निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने का कार्य सुचारू रूप से करवा सकें।

नियुक्त किये गये नोडल अधिकारी का नाम, पता ई–मेल, मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से श्री संजय सिंह बघेल, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश 17, अरेरा हिल्स भोपाल के नाम से भेजते हुये इसकी सूचना सम्बंधित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उप–जिला निर्वाचन अधिकारी को भी दें।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. श्री संजय सिंह बघेल, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश 17, अरेरा हिल्स भोपाल।
2. श्रीमान जिलाधीश महोदय, जिला–ग्वालियर,मुरैना,शिवपुरी,गुना,अशोकनगर,दतिया, भिण्ड,श्योपुर ।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर ।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर ।
5. वेबसाईट पर – 22/9/12

उप–कुलसचिव(प्रशासन)